आवश्यकता है जैसे रा॰ वि॰ बोर्डों की वित्तीय अव्यवहार्यता, पारेषण एवं वितरण में अपर्याप्त निवेश, जल विद्युत की गिरती भागेदारी, संयंत्रों का कम क्षमता स्तर और गैर युक्तिसंगत टैरिफ।

(ग) और (घ) सरकार ने पावर विजन इंडिया-2010 नामक एक कार्य योजना तैयार की है इसके मुख्य उद्देश्य निम्न है:—

(i) वर्ष 1998-2008 के दौरान 80000 मे॰ वा॰ उत्पादन क्षमता की वृद्धि।

(ii) जल विद्युत मिश्रण में सुधार लाना।

(iii) राष्ट्रीय पारेषण ग्रिड बनाना।

(iv) रा॰वि॰ बोर्डों की वित्तीय स्थिति में सुधार लाना

(v) विद्यमान ताप विद्युत संयंत्रों के संयंत्र भार घटक में सुधार लाना।

(vi) विद्युत उत्पादन पारेषण और वितरण में निजी क्षेत्र की भागेदारी बढ़ाना।

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु उद्देश्यीय नीति अपनाई गई है जिसमें तत्काल, मध्यवर्ती तथा दीर्घकालिक योजनाएं शामिल हैं। कुल नीतिगत और विधायी पहल पहले ही कर लिये गये हैं इनमें केन्द्रीय और राज्य विनियामक आयोगों की स्थापना एक नई जल विद्युत नीति, मेगा विद्युत परियोजनाओं पर एक आकर्षण नीति, पारेषण को पृथक कार्य बनाने वाला कानून, विद्युत के पारेषण एवं निकासी पर अधिक जोर देना, संशोधित प्रति गारन्टी स्कीम, मानीटरिंग संबंधी तंत्र और विद्यमान संयंत्रों के नवीकरण एवं आधुनिकीकरण के लिए प्रोत्साहन आदि शामिल है।

विद्युत की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर

2417. **श्री ईश दत्त यादव:**
चौधरी हरमोहन सिंह यादव:

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कई राज्यों में विद्युत की मांग और आपूर्ति के बीच अभी तक अन्तर चल रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस अंतर को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) इन कदमों से विद्युत की कमी की स्थिति में कितना सुधार हुआ है?

विद्युत मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री (श्री पी॰ आर॰ कुमारमंगलम): (क) और (ख) अप्रैल, 1998—फरवरी, 1999 तथा फरवरी, 1999 के दौरान विभिन्न राज्यों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति इंगित करने वाला एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिए)

(ग) विद्युत की आपूर्ति और मांग के बीच अंतर को कम करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये जा रहे हैं:—

- नवीकरण एवं आधुनिकीकरण के द्वारा विद्यमान विद्युत संयंत्रों में उत्पादन अधिकतम करना।
- पारेषण एवं वितरण हानियों में कमी।
- जल विद्युत, ताप विद्युत, न्यूक्लीय विद्युत तथा गैस टरबाईन विद्युत स्टेशनों का समन्वित प्रचालन।
- अंतर्राज्यीय/अंत: क्षेत्रीय विद्युत अंतरणों को प्रोत्साहन।
- मांग पक्ष प्रबंधन।
- ऊर्जा संरक्षण।
- विद्युत क्षेत्र में निवेश के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन।

(घ) पिछले तीन वर्षों के लिए देश में ऊर्जा की समग्र कमियां नीचे इंगित की गई है:-

वर्ष	ऊर्जा की कमी%
1996-97	11.5%
1997-98	8.1%
1998-99 (फरवरी, 99 तक)	5.6%

विवरण

वास्तविक विद्युत आपूर्ति की स्थिति

(सभी आंकड़े मि॰ यू॰ में)

क्षेत्र/राज्य	फरवरी, 99				अप्रैल, 98-फरवरी, 99			
प्रणाली	आवश्यकता	उपलब्धता	कमी	(%)	आवश्यकता	उपलब्धता	कमी	%
1	2	3	4	5	6	7	8	9
उत्तरी क्षेत्र								
चण्डीगढ़	74	74	0	0.0	949	946	3	0.3
दिल्ली	1180	1167	13	1.1	15280	14973	307	2.0
हरियाणा	1085	1063	22	2.0	12976	12700	276	2.1
हिमाचल प्रदेश	239	239	0	0.0	2701	2696	5	0.2
जम्मू और कश्मीर	530	139	91	17.2	5219	4993	226	4.3
पंजाब	1595	1684	11	0.7	23119	22587	532	2.3
राजस्थान	2100	2026	75	3.6	21150	20652	498	2.4
उत्तर प्रदेश	3400	2930	470	13.8	38541	34927	3614	9.4
उ॰क्षे॰	10203	9521	682	6.7	119935	114474	5461	4.6
पश्चिमी क्षेत्र								
गुजरात	3810	3485	325	8.5	41315	38940	2375	6.7
मध्य प्रदेश	2962	2623	329	11.1	31927	30329	1598	5.0
महाराष्ट्र	5583	5302	281	5.0	59822	57741	2081	3.5
गोवा	147	113	34	23.1	1485	1315	170	11.4
प॰क्षेत्र	12492	11623	969	7.8	134549	128325	6224	4.6
दक्षिण क्षेत्र								
आ. प्र.	3724	3460	264	7.1	37466	34305	3161	8.4
कर्नाटक	2331	2076	258	11.1	23411	20284	3127	13.4
केरल	983	893	90	9.2	11164	10076	1088	9.7
तमिलनाडु	3054	2741	313	10.2	34095	30106	3989	11.7
द॰क्षेत्र	10095	9170	925	9.2	106136	94771	11365	10.7
पूर्वी क्षेत्र								
बिहार	704	647	57	8.1	7882	7236	646	8.2
डी.वी.सी.	632	645	13	2.1	7241	7530	-289	-4.0
उड़ीसा	954	983	29	3.0	9769	10101	-332	-3.4
पश्चिमी बंगाल	258	1279	21	1.7	14729	15160	-431	-2.9
पूर्वी क्षेत्र	3548	3554	6	0.2	39621	40027	-406	-1.0
उत्तर-पूर्वी क्षेत्र								
अरुणाचल प्रदेश	9.1	9.1	0.0	0.0	113.0	102.4	10.6	9.4
असम	212.6	208.0	4.6	2.2	2647.9	2591.4	56.5	2.1
मणिपुर	41.3	40.7	0.6	1.5	465.4	463.8	1.6	0.3
मेघालय	38.9	38.3	0.4	1.0	398.8	423.1	-24.3	-8.1
मिजोरम	15.3	14.9	0.4	2.6	187.6	178.9	8.7	4.6
नागालैंड	15.0	14.7	0.3	2.0	180.4	172.3	8.1	4.5
त्रिपुरा	47.8	40.3	7.5	15.7	529.9	506.1	23.8	4.5
उ॰पू॰क्षे॰	380.0	367.0	13.0	3.4	4523.0	4438.0	85.9	1.9
अखिल भारत	36718	34135	2583	7.0	404764	382035	22729	5.6